## एक नजर में

### अखंडधाम आश्रम के सामने मोर की सड़क हादसे में मौत



**इंदौर**. एरोड्रम थाना क्षेत्र के अखंडधाम आश्रम के सामने राष्ट्रीय पक्षी मोर की आज सुबह करीब 8.30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता कपिल शर्मा और हरीश कुशवाह मौके पर पहुंचे. उन्होंने मोर को पानी पिलाया, लेकिन 5 मिनट बाद ही मोर के मुंह से खून निकलने लगा और उसकी मौत हो गई. शर्मा और कुशवाह ने तुरंत 112 पर भी जानकारी दी. घटना के लगभग एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुँची. वन विभाग को भी सूचना देने की कोशिश की गई, लेकिन फोन नहीं उठाया गया. मोर को बीच सड़क से किनारे कर दिया गया. जबकि एरोड्रम पुलिस ने घटना की पुष्टि से इनकार किया है.

### पहचान छुपाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर**. बाणगंगा इलाके में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने पहचान छुपाकर पीड़िता से दोस्ती की और उसके बाद दुष्कर्म किया. आरोपी की पहचान उजागर होने पर जब पीड़िता ने उससे दूरी बनाई, तो वह उसे लगातार परेशान करने लगा. आरोपी 23 वर्षीय रहीम शेख पिता अजीज शेख, निवासी मल्हारगंज है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह सराफा थाना क्षेत्र में कपड़े की दुकान पर काम करती थी, जहाँ रोहन नाम का व्यक्ति भी काम करता था. दोनों के बीच दोस्ती हुई, लेकिन बाद में पता चला कि रोहन का नाम नहीं बल्कि रहीम शेख था. रहीम ने घर पर अकेले पाकर उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद जब पीड़िता ने उससे दूरी बनाई और बात करना बंद कर दिया, तो आरोपी उसे धमकाता और मिलने पर मजबूर करता रहा. पीड़िता ने काम बदलकर सपना संगीता रोड में काम करना शुरू किया, लेकिन आरोपी वहीं भी उसे परेशान करता रहा. घटना की शिकायत पीड़िता ने अपने परिवार को बताई और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी रहीम शेख को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

### 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन



**इंदौर**. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में अंग्रेजी संप्रेषण और सॉफ्ट स्किल्स डेवलपमेंट पर आधारित 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ. महीने भर चले इस कार्यक्रम में 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया और उन्हें अंग्रेजी भाषा व सॉफ्ट स्किल्स की जानकारी दी गई. समापन समारोह में उद्योग एमपीएम एसएमई के संयुक्त निदेशक एसएस मंडलोई ने विद्यार्थियों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में अवसरों की जानकारी दी. प्राचार्य डॉ. ममता चंद्रशेखर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया. प्रशिक्षक वीसेंट थॉमस ने निरंतर सीखने और आत्म सुधार पर जोर दिया. कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. ज्योति तनेजा ने प्रमाण पत्र वितरित किए. कार्यक्रम का संचालन नैंसी शर्मा ने किया और प्रशिक्षण समिति के समन्वयक डॉ. भागवत राय ने आभार व्यक्त किया.

### महिलाओं को मिला स्वास्थ्य सुरक्षा कवच



**इंदौर**. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर प्रारंभ हुए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जिले में महिला स्वास्थ्य पर केंद्रित कई कार्यक्रम आयोजित किए. पूरे पखवाड़े स्वास्थ्य संस्थाओं, महाविद्यालयों, विद्यालयों, रेलवे स्टेशनों, जिला कलेक्टर कार्यालय और नवरात्रि महोत्सव जैसे बड़े आयोजनों में स्वास्थ्य शिविर लगाए. विशेष रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-क्षिप्रा में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं के लिए हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर और कैंसर जांच के साथ उपचार और परामर्श भी उपलब्ध कराया. इसके अलावा जिलेभर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया और दृष्टि बाधित छात्राओं का भी स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श प्रदान किया. महिलाओं ने इस अभियान की सराहना की और कहा कि इससे न केवल उनकी सेहत पर ध्यान देने का अवसर मिला, बल्कि परिवारों में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी. जिला प्रशासन ने कहा कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए निरंतर जारी रहेगा.

## बायपास पर दो भीषण हादसे, तीन की मौत

▸ देवास से माता के दर्शन कर लौट रहे थे



**इंदौर. शहर के बायपास पर देर रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हुए हैं. दोनों हादसों में पीड़ित देवास स्थित माता मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे. तीनों ही मामलों में पुलिस जांच कर रही है.**

पहला हादसा कनाड़िया थाना क्षेत्र में होटल प्राइड के सामने हुआ. तीन युवक बाइक से लौट रहे थे तभी उनकी बाइक तेज रफ्तार ट्रक से जा टकराई. हादसे में 23 वर्षीय पीयूष पिता सुनील निवासी इदरीस नगर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. तीसरा युवक 30 वर्षीय अंकुश घायल है, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है. पुलिस के अनुसार मृतक पीयूष प्राइवेट नौकरी करता था और मां व भाई के साथ रहता था. दूसरा हादसा लसूड़िया क्षेत्र में पंचवटी कॉलोनी के पास हुआ. यहां देवास माता मंदिर से लौट रहे भगवानसिंह का परिवार बाइक से सफर कर रहा था. तभी पीछे से आ रहे कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में 30 वर्षीय भगवानसिंह की पत्नी राखी गंभीर रूप से घायल हुईं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. उनकी दो वर्षीय बेटी निहारिका घायल है, जबकि अन्य परिजनों को मामूली चोटें आईं. हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया. इसी दौरान लसूड़िया और तुकोगंज थाना क्षेत्रों में भी दो अलग-अलग दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें एक युवक घायल हुआ और एक कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया. पुलिस का कहना है कि दोनों बड़े हादसों में मृतक और घायल देवास मंदिर दर्शन कर लौट रहे थे. फिलहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर फरार वाहन चालकों की तलाश शुरू कर दी है.

## नो एंट्री में घुसी बस, पुलिस ने किया जब्त

▸ शराब के नशे में धुत चालक को भी पकड़ा



**इंदौर. यातायात पुलिस की चौकसी से देर रात बड़ा हादसा टल गया. एक स्टाफ बस का चालक शराब के नशे में धुत होकर बस लेकर नो-एंट्री क्षेत्र में घुसा. महिला आरक्षक से लेकर सूबेदार तक टीमवर्क दिखाते हुए पुलिस ने बस को रोककर चालक को पकड़ लिया.**

देर रात करीब 8 बजे बापट चौराहे से मारुति नगर कट पर एक स्टाफ बस पहुंची. ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षक बुलबुल ने चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने बस नहीं रोकी और जबरन नो-एंट्री में घुस गया. आरक्षक ने तुरंत अगले प्वाइंट पर तैनात उप निरीक्षक सुरेश गौर को सूचना दी. गौर ने भी बस रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक नहीं माना. इसके बाद वायरलेस के जरिए सूबेदार अरुण सिंह को सूचना दी गई. उन्होंने आरक्षक विष्णु सिंह के साथ मिलकर एक्सिस बैंक तिराहे पर बैरिकेड लगाकर बस को रोका. बस चालक को जैसे ही उतारा गया, उसके मुंह से शराब की तेज गंध आ रही थी. मौके पर पहुंचे यातायात एसीपी जगदीश पाटिल को स्थिति बताई गई. हीरानगर थाने की बीट पुलिस को मौके पर बुलाकर चालक की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, जिसमें शराब की मात्रा पाई गई. इसके बाद बस को जब्त कर थाने में खड़ा कराया और चालानी कार्रवाई की.

## नो एंट्री में घुसे 19 भारी वाहन चालकों पर कार्रवाई



**इंदौर. यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस ने लगातार निगरानी अभियान चलाते हुए 19 भारी वाहनों पर कार्रवाई की है. ये वाहन प्रशासन द्वारा निर्धारित समय और प्रतिबंधित मार्गों के नियमों की अवहेलना कर नो एंट्री क्षेत्र में घुस आए थे.**

30 सितंबर की सुबह से लेकर 1अक्टूबर की सुबह तक की गई इस कार्रवाई में कुल 19 वाहनों को पकड़े गए है. इनसे 90 हजार 500 रुपए की समन राशि वसूल कर शासन के खाते में जमा कराई गई. वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए पुलिस ने कहा कि यदि आगे से आदेशों की अवहेलना की गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी. साथ ही उन्हें समझाइश दी गई कि वे प्रतिबंधित मार्गों और तय समय का पालन करें तथा प्रशासन के निर्देशों का सहयोग करें.

## परिजन थे विदेश में, इंदौर पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

▸ ब्रिटिश नागरिक का संस्कार कर इंसानियत का फर्ज निभाया पुलिस ने



**इंदौर. अक्सर पुलिस पर कठोरता, लापरवाही और रिश्वतखोरी जैसे ताने सुनने को मिलते हैं, लेकिन इंदौर पुलिस ने अपने संवेदनशील और मानवीय रूप का परिचय दिया. शहर में रहने वाले एक ब्रिटिश व्यवसायी की मौत के बाद जब उनका कोई परिजन यहां मौजूद नहीं थे, तब पुलिस ने पूरे विधि-विधान से उनका अंतिम संस्कार कराया.**

राऊ थाना क्षेत्र के सिलिकॉन सिटी में रहने वाले 62 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक क्रिस्टोफर पेरी अपने फ्लैट पर मृत पाए गए थे. पेरी मूल रूप से इंग्लैंड के रस्टिंगटन निवासी थे और करीब दो साल से इंदौर में रह रहे थे. वे पीथमपुर स्थित स्टीलिंट ब्लास्टिंग इक्विपमेंट प्रा. लि. में पार्टनर थे. पुलिस के अनुसार, पिछले शुक्रवार देर रात जब पेरी ने दरवाजा नहीं खोला तो पड़ोसियों को शक हुआ. रात करीब 9 बजे दरवाजा तोड़ा, जहां वे मृत पाए गए. एफएसएल टीम और वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर जांच की. शव के पास से कुछ गोलियां भी बरामद हुईं. मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है. पेरी के परिजन ब्रिटेन में होने के चलते शव को लंबे समय तक रख पाना संभव नहीं था. ऐसे में मंगलवार शाम इंदौर पुलिस ने रामबाग मुक्तिधाम में पूरे विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार कराया.

### पहले भी निभाई जिम्मेदारी

अप्रैल 2024 में भी इंदौर पुलिस ने ऐसा ही संवेदनशील कदम उठाया था. विजय नगर क्षेत्र में ऑस्ट्रेलियाई नागरिक बेली केविन एंड्रयू की मौत हो गई थी. परिजन तत्काल भारत नहीं आ सके थे. ऐसे में बेटे ने पुलिस से आग्रह किया कि शव को फ्रीजर में रखने के बजाय हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार कर दिया जाए. उस वक्त तत्कालीन एसीपी और वर्तमान में डीसीपी कृष्णलाल चंदनी के निर्देशन में पुलिस ने केविन का अंतिम संस्कार कराया था. इंसानियत और कर्तव्य निभाने का यह दूसरा उदाहरण पुलिस के उस मानवीय चेहरे को उजागर करता है, जिसे आमतौर पर लोग देख नहीं पाते.

## नवरात्रि में शक्ति मोबाइल की कड़ी सतर्कता से महिलाओं को मिली सुरक्षा



**इंदौर. नवरात्रि पर्व के दौरान शहर के भक्ति स्थलों और गरबा पंडालों में महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट जोन-2 की शक्ति मोबाइल टीम लगातार पेट्रोलिंग और सक्रिय कार्रवाई कर रही है. टीम ने संदिग्ध और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी और कई महत्वपूर्ण मामलों में तुरंत कार्रवाई की.**

पुलिस उपायुक्त जोन-2 कुमार प्रतीक ने बताया कि थाना एमआईजी क्षेत्र में रोबोट चौराहे पर 4 साल की बालिका को लावारिस हालात में पाया, इस पर पुलिस ने परिजनों को तुरंत सौंपकर सुरक्षित सौंप दिया. वहीं आरोपी हर्षित ठाकुर के कब्जे से चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया. छेड़छाड़ और धमकी देने वाले संदिग्धों को पकड़कर थाना विजयनगर में सौंपा. कनकेश्वरी गरबा महोत्सव में बालिकाओं को गुड टच-बेड टच और साइबर, घरेलू हिंसा, डायल 112 की जानकारी दी. सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ठेले हटाकर सही मार्ग पर जाने के लिए समझाया. वहीं एक युवती हर्षिता जोशी का मोबाइल गुम होने पर तुरंत खोजकर लौटाया. उन्होंने कहा कि इंदौर पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि वे पेट्रोलिंग टीम का सहयोग करें और नवरात्रि एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान सतर्क रहें.


# अपने पुराने बैंक अकाउंट्स में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

दीया फंड

## आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान स्टेप्स

1. बैंक की किसी भी शाखा में जाइए, भले ही वो आपकी रेग्युलर शाखा न हो
2. एक फॉर्म जमा कीजिए केवाईसी डॉक्यूमेंट्स के साथ (आधार, पासपोर्ट, वोटर आईडी या ड्राइविंग लाइसेंस)
3. वेरिफिकेशन के बाद ब्याज समेत (यदि है तो) अपने पैसे वापस पाइए

## आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजिए या आरबीआई का UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) देखिए जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के विशेष कैम्प्स में जाइए जो देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


**अनदेखी** ▸ मामला वार्ड 70 के पंचमूर्ति नगर का


## सीवरेज के लिए सड़क खोदकर छोड़ दी कच्ची



**इंदौर. हमेशा देखने में आया है कि नगर निगम द्वारा शहर में जब भी विकास कार्य किया जाता है तो कई जगह उसे अधूरे में ही छोड़ दिया जाता है जिसके चलते आमजन को कई परेशानियों से गुज़रना पड़ता है. जिम्मेदार आकर झांकते तक नहीं. शिकायत करने के बावजूद निराकरण नहीं हो पाता.**

राज मोहल्ला खालसा कॉलेज के पीछे बसा पंचमूर्ति नगर जो कि वार्ड क्रमांक 70 में आता है. कहीं छोटी तो कहीं तंग गलियों में बसे पंचमूर्ति नगर में चेंबर और सीवरेज लाईन की बड़ी समस्या थी. क्षेत्रवासी इससे उठने वाली समस्याओं से परेशान थे. कई वर्षो बाद पंचमूर्ति नगर में पांच माह पूर्व सीवरेज लाइन का कार्य किया गया था जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली थी. लेकिन सीवरेज लाइन कार्य पूरा होने के बाद रहवासियों की परेशानी और बढ़ गई. गली नंबर तीन के रहवायिसों से बात करने पर ज्ञात हुआ कि सीवरेज लाईन डालने के लिए आरसीसी से निर्मित पक्की सड़क को खोदा गया जिसे दोबारा बनाया नहीं गया. क्षेत्र की सड़कें जर्जर स्थिति में है. लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है. हर तरफ गंदगी और कीचड़ फैला रहता है. विकास के इस अधूरे कार्य से एक-दो गलियों में नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में समस्या बनी हुई है.

### इनका कहना है...



लोग परेशान हो रहे हैं. बरसात में कीचड़ हो जाता है. लोगों के वाहन फंस जाते हैं. पैदल चलने वालों के लिए तो और भी मुसीबत हो जाती है. यह कार्य जल्द से जल्द होना चाहिए.

- गुलाबचंद



पक्की सड़क थी तो क्षेत्र साफ सुथरा रहता था. अब जर्जर सड़क के कारण गंदगी फैली रहती है. जब सीवरेज लाईन का कार्य शुरू हुआ था तब हमें कहा गया था सड़क को दोबारा जल्द बनाएंगे.

- बंटू चौहान



आते-जाते बच्चे गिरते है. आए दिन कोई न कोई बुजुर्ग गिरकर घायल हो जाता है. करीब छः महीने हो चुके हैं. अधिकारी आते है देखकर चले जाते हैं. करता कोई कुछ नहीं.

- मदनलाल जगताप

### दशहरे बाद किया जाएगा काम



सीवरेज लाइन डालने के बाद ही सड़क कार्य होना था लेकिन ठेकेदार को पेमेंट नहीं होने के कारण उसने काम बंद कर दिया. पूरी कोशिश रहेगी की दशहरे के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा.

- भरत सिंह रघुवंशी, पार्षद